卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 29 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦5 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में छिड़ा खूनी संघर्ष

## तीखी नोंक-झोंक के बाद जमकर हुई मारपीट व फायरिंग,कई घायल,दो की हालत गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा रोड़ पर मौहल्ला भदईपुरा में पुरानी रंजिश के चलते आज प्रातः दो पक्ष आमने सामने आ गये। तीखी नोंक झोंक के बाद उनमें मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान एक पक्ष द्वारा जान से मारने की नीयत से दूसरे पक्ष पर फायरिंग भी की गई। जिससे मौहल्ले में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। इस घटना में गोली लगने कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल



विक्रम राठौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की जानकारी लेकर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी और हमलावरों को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर दबिश दी। जानकारी के अनुसार भदईपुरा पूर्व पार्षद वाली गली में आज प्रातः पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आमने सामने आ गये। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग मारपीट पर उतारू हो गये और एक दूसरे पर लाठी डंडे बरसाने लगे। बताया जाता है इसी दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग की गई। जिससे मौहल्ले में अफरा तफरी मच गई। मारपीट व फायरिंग की इस घटना में गोली लगने से एक पक्ष के नंदन यादव उर्फ चंदन पुत्र राजकुमार निवासी खेड़ा वार्ड 17, एजाज पुत्र अल्ली निवासी खेड़ा, नसीम उर्फ फैजल पुत्र अतिब निवासी रेशमबाड़ी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें एक निजी चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जिनमें एजाज की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल विक्रम राठौर, एसएसआई कमाल हसन, रम्पुरा चौकी प्रभारी केसी आर्या, आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी महेश काण्डपाल, एसआई जय प्रकाश, हेका. विजेन्द्र शर्मा, महेन्द्र कुमार, गणेश कुमार, सहित तमाम पुलिस कर्मी मौके पर आ पहुंचे।( शेष पेज सात पर )


KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
50% Off On Making Charges
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospita, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com




# बेहड़ ने किच्छा के विकास में जोड़ा एक नया अध्याय,उमड़ा जनसमूह

## विधायक बेहड़ ने किच्छा के तीन चौराहों पर स्वागत द्वारों का किया शिलान्यास, जनसभा में पहुंचे हजारों क्षेत्रवासी








किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के विकास की गाथा में एक अध्याय जोड़ते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने नगर के तीन मुख्य चौराहों में एक करोड़ की लागत से बनने वाले स्वागत द्वारों का भव्य शिलान्यास किया। यहां पुरानी टैक्सी स्टैंड मै आयोजित एक विशाल जनसभा में शिलान्यास कार्यक्रम में उमड़ी क्षेत्रवासियों की भीड़ को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि नगर को विकास की धारा में जोड़ने का प्रयास जारी रहेगा। श्री बेहड़ ने जनसभा में पहुंचे सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि जनसभा में पहुंचा एक व्यक्ति-एक व्यक्ति महत्वपूर्ण है। पार्टी ने उन पर विश्वास जताते हुये विधानसभा चुनाव में टिकट दे कर जो जिम्मेदारी सौपी थी, उसे आप किच्छा वासियों ने विजयी बनाकर पूर्ण कराया है। किच्छा वासियों ने उन पर जो अपना विश्वास जताया है उसे वह कभी टूटने नही देंगे और किच्छा के प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य कराकर जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे।श्री बेहड़ ने कहा कि जनता ने मुझे बीमार होने के बावजूद जिताया और अपने सेवक के रूप में चुना है। मै उनका आजीवन ऋणी रहूंगा। कोविड की वजह से मेरी किडनी खराब हो गई थी, मेरे परिवार और कार्यकर्ताओं ने मुझे जीने की राह दिखाई। जनता ने मुझे ( शेष पेज सात पर )

# सड़क हादसों में दो युवकों की दर्दनाक मौत

## हादसे में प्रधान पुत्र की मौत, दो घायल,कुंडेश्वरी में अनियंत्रित डंपर ने ली युवक को कुचला

काशीपुर(उद संवाददाता) आईटीआई थाना क्षेत्र के पैगा पुलि चौकी इलाके में देर रात पेट्रोल पंप के समीप 48 घंटों के भीतर दूसरी बार हुए एक्सीडेंट की चपेट में आकर प्रधान पुत्र की मौत हो गई। वह इकलौता था। एक्सीडेंट की इस घटना में बाइक सवार दो अन्य घायल बताए जा रहे हैं जिन्हें उपचार के लिए मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में



अनियंत्रित डंपर की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार उसके दो अन्य साथी मामूली रूप से घायल बताए जा रहे हैं। उधर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पैगा थाना आईटीआई निवासी विनय कुमार 23 वर्ष पुत्र अरविंद चौहान अपने साथी माधोवाला, तहसील ठाकुरद्वारा उत्तर प्रदेश निवासी छोटू तथा एक अन्य के साथ बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर अलीगंज रोड से होते हुए कहीं जा रहा था इसी दौरान पैगा पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित मोटरसाइकिल बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई और चपेट में आकर प्रधान पुत्रकी मौके पर ही मौत हो गई। एक्सीडेंट की इस घटना में मोटरसाइकिल सवार मृतक के दोनों साथी घायल बताए जा रहे हैं जिनका मुरादाबाद रोड स्थित एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। मृतक मां-बाप का इकलौता था। उसके एक ( शेष पेज सात पर )

# कांग्रेस के स्थानीय कार्यक्रम में कई वर्षों बाद दिखी लोगों की भीड़

किच्छा। किच्छा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के स्थानीय कार्यक्रम में कई वर्षों के पश्चात आज हजारों की भीड़ दिखाई दी। जिससे विधायक तिलकराज बेहड़ सहित पार्टी के तमाम नेताओं के चेहरों पर खुशी देखी गई। गौरतलब है कि पिछले दस वर्षों में इस विधानसभा क्षेत्र स( शेष पेज सात पर )




May The Sparkel Of Diwali Light Up Your Life
Happy Diwali
GURU MAA JEWELS
JAI BABA KI
MMTC-PAMP Authorised Partner
Offer Valid From 05 Nov. to 14 Nov. 2022
Certified Hallmark Jewellery Store | Gold | Diamond | Silver Jewellery
UPTO 30% OFF On Diamond Jewellery Value On Making Charges of Gold Jewellery
BUY JEWELLERY WORTH ₹50K OR ABOVE & GET INSTANT CASH BACK
100% EXCHANGE VALUE ON OLD GOLD JEWELLERY
Near Guru Nanak Girls Intercollege, Kashipur Bypass Road, Rudrapur
+91- 96900 88887

# मीना ने किया श्री राम लीला का शुभारंभ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर हमें मजबूत और धर्मनिरपेक्ष



भारत की स्थापना करनी है, उन्होंने कहा कि हम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चित्र के साथ–साथ उनके चरित्र की भी पूजा करें। श्रीमती शर्मा शुक्रवार की रात्रि ग्राम जयनगर में आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन कर रही थी। इससे पूर्व रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का पीत वस्त्र डालकर और फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।बाद में स्थानीय कलाकारों द्वारा जटायु वध, राम शबरी मिलन, राम सुग्रीव मित्रता, की सुंदर लीला का चित्रण किया गया। इससे पूर्व रुद्रपुर से कांग्रेस नेत्री श्रीमती मीना शर्मा और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ग्राम जयनगर पहुंचे। जहां उन्होंने श्री शिव मंदिर समिति एवं राम अवध कला मंच द्वारा आयोजित प्रभु श्री राम की लीला का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने समाज की तमाम कुरीतियों जैसे ऊंच नीच, छुआछूत, भेदभाव, अमीरी गरीबी, से ऊपर उठकर समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया, जिसे हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए, श्रीमती शर्मा ने कहा कि रामलीलाए, हमारी युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने में सहायक है। इससे पूर्व रामलीला आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, सुग्रीव सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, सुक्खा सिंह आदि का फूल मालाएं पहनाकर एवं पीत वस्त्र डालकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष शक्ति सिंह, डायरेक्टर अनिल सिंह, अनीता सिंह,छोटेलाल सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद सक्सेना, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# हल्द्वानी में होगा भाकपा ( माले ) का तीसरा राज्य सम्मेलन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(माले) की नैनीताल जिला कमेटी की बैठक बिंदुखत्ता में संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्य प्रभारी डा संजय शर्मा ने कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है लेकिन सरकार जनता का ध्यान सांप्रदायिक मुद्दों की ओर भटका रही है। विपक्षी दलों की ओर से बनाए गठबंधन से मोदी सरकार इतनी घबराई हुई है कि अब इंडिया शब्द को ही पुस्तकों से हटाने की कोशिश चल रही है। यहां तक कि संघ भाजपा इजराइल के फिलिस्तीन पर किए जा रहे सामूहिक नरसंहार का समर्थन करते हुए इसका भी इस्तेमाल देश में विभाजन की खाई को चौड़ा करने के लिए कर रहे हैं। भारत की विदेश नीति फिलिस्तीन की उत्पीड़ित जनता के पक्ष में रही है लेकिन मोदी सरकार इसको पलट कर इजराइल के अन्याय के पक्ष में खड़ी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार अतिक्रमण हटाने के नाम पर जनता का घर बार, व्यापार उजाड़ने की नीति पर काम कर रही है। कई दशकों से वनों के अंदर खत्तों में बसे लोगों के स्कूल, धार्मिक स्थल, शौचालय जैसे बुनियादी ढांचे तोड़कर जंगलों से खदेड़ना चाहती है। इसके लिए संघ भाजपा की ओर से धार्मिक विभाजन को तेज किया जा रहा है। जनता के भीतर भाजपा सरकार की इन जनविरोधी कार्यवाहियो के खिलाफ भारी आक्रोश है और जनता आगामी लोकसभा चुनाव में सरकार को सबक सिखायेगी। बैठक में अगले साल की शुरुआत में 7- 8 जनवरी 2024 को हल्द्वानी में होने वाले भाकपा (माले) के आगामी तीसरे राज्य सम्मेलन और सांगठनिक विस्तार पर भी बात हुई। इसके




लिए जिले में सघन अभियान चलाने का करने का निर्णय लिया गया।बैठक में जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय, बहादुर सिंह जंगी, विमला रौथाण, पुष्कर दुबड़िया, नैन सिंह कोरंगा, निर्मला शाही, किशन बघरी, धीरज कुमार, आंनद सिंह दानू, त्रिलोक राम आदि उपस्थित रहे।

# कंप्यूटर लैब का लोकार्पण किया

काशीपुर(उद संवाददाता)। वालमेट टेक्नोलॉजी एवम रोटरी 3110 द्वारा प्रदत्त कंप्यूटर लैब का लोकार्पण मुख्य अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष रो. पवन अग्रवाल द्वारा किया गया श्री गुरुनानक इंटर कॉलेज में निर्मित लैब के उद्घाटन अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के भविष्य एवं ज्ञान के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी अत्यधिक आवश्यक हैं और रोटरी सदैव बच्चों के भविष्य एवं शिक्षा के लिए काम करता



रहा है और करता रहेगा। विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र अग्रवाल ने रोटरी के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुए बच्चों को इसके उद्देश्य के विषय में बताया। डॉ.नरेश महरोत्रा ने स्वागत भाषण में रोटरी की कल्याणकारी योजनाओं के विषय में बताया।रोटरी कोर्बेट अध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर बाबा हरि सिंह जी,जे.एस.छीना,सरजिंदर सिंह, सुरुचि सक्सेना, राज महरोत्रा, अतुल असावा, प्राचीअग्रवाल,रेखा जिंदल,नवीन अरोरा, दीप महरोत्रा, टी.एस. सोढ़ी,सुरेंद्र पाल,सुभाष शर्मा, अनिल लड्डा,रेनू रावल सहित विद्यालय स्टाफ एव विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# माँ भगवती का दरबार आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के वार्ड नं 5 रामजीवन पुर न 1 में माँ भगवती का भव्य जागरण आयोजित किया गया। विगत कई वर्षों से लगातार वार्डवासी एवं ग्रामवासी युवा एकजुट होकर माँ के जागरण को धूमधाम से कराते आये है विगत रात्रि भी माँ भगवती का भव्य जागरण आयोजित किया गया। श्री जय भवानी जागरण मण्डल के तत्वधान एवं पंडित राजन जी शर्मा के सानिध्य में जागरण का शुभारम्भ



हुआ।जागरण के दौरान मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, सभासद परमजीत सिंह पम्मा, राकेश भट्ठी बन्टी, संतोष गुप्ता रवि पाल सहित नगर के गणमान्य व्यक्तियोंने पहुँचकर माथा टेका।वही युवाओंमेंआये अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। रोहित कंबोज ,अरुण झाम, सुनील कश्यप, राजू ,अरुण कश्यप ,परमजीत सिंह पम्मा, सुरेश खुराना,मनोज कुमार मिंटू, पंकज सेतिया, सतीश मिड्डा, राजपाल प्रजापति,राकेश, राजेश, प्रेम कुमार कश्यप,हरि सिंह, अभिषेक, टीटू ,आकाश, दीपक,अशोक पोपली,शुभम हुड़िया, रवि पाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।।

# देहरादून पधारे स्वामी धीरेंद्र शास्त्री ने किया सनातनी भक्तों से संवाद

काशीपुर। श्री बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने देहरादून पहुंच कर परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य दिव्य दरबार में लाखों सनातनी भक्तों से संवाद किया। देहरादून पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित प्रदेश के मंत्रियों व विधायकों सहित कार्यक्रम के मुख्य संयोजक दीपक बाली कार्य अध्यक्ष निवृत्ति यादव



अमित त्यागी सुमित अदलखा आदित्य नागर डॉक्टर विशाल गर्ग ,अमित शर्मा ,मनोज बिष्ट, सुभाष जोशी ,उदय शंकर भारद्वाज ,सरवन त्यागी, जितेंद्र पोखरियाल, नितिन पुंडीर,जय कुमार सोम, एवं मीडिया कोऑर्डिनेटर नवीन ठाकुर सहित प्रदेश के अनेक गणमान्य लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वरिष्ठ भाजपा नेता और कार्यक्रम के मुख्य संयोजक दीपक बाली ने बताया कि श्री पशुपतिनाथ मंदिर भारत, चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान मे इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जो पूरी तरह सफल रहा। श्री बाली ने भी प्रदेश के कोने–कोने से आए भक्तों का आभार व्यक्त किया।

# गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में मेले के आयोजन की अनुमति मांगी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में प्रतिवर्ष लगने वाले मेले का आयोजन नगर पंचायत ने उप जिलाधिकारी को पत्र लिखकर अनुमति मांगी है, नगर पंचायत नानकमत्ता के चेयरमैन प्रेम सिंह टूरना ने उप जिलाधिकारी तुषार सैनी को दिए ज्ञापन में कहा है कि दीपावली पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा हर वर्ष मेले का आयोजन किया जाता है, जिसके लिए बाकायदा ठेके दिए जाते हैं, और ठेके लेने वाले ठेकेदार दुकानदारों से अनावश्यक वसूली करते हैं, जिससे बाहर से आने वाले दुकानदार प्रताड़ित होते हैं, नगर पंचायत के अध्यक्ष उप जिलाधिकारी को अवगत कराया की नगर पंचायत के अंतर्गत होने वाले दीपावली मेले के आयोजन के लिए अगर नगर पंचायत को अनुमति दी जाती है तो नगर पंचायत की प्रतिवर्ष आय बढ़ाने का एक अच्छा प्रयास होगा, वही नगर पंचायत द्वारा व्यवस्थित रूप से मेले में आने वाले दुकानदारों को व्यापक सुविधा दी जाएगी, हालांकि यहां बता दे की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष दीपावली मेले का आयोजन किया जाता है, जिसके लिए नीलामी के आधार पर मेले के लिए ठेके आवंटित किए जाते हैं, फिलहाल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा दीपावली मेले को लेकर सभी तैयारी कर ली गई है।

# हजारों की नगदी क साथ सात जुआरी पकड़े

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांधी कालोनी में जुआरियों के ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान वहां पर भगदड़ मच गई। पुलिस ने सात जुआरी हजारों की नगदी समेत गिरफ्तार किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक शनिवार की रात बाजार पुलिस चौकी प्रभारी संदीप शर्मा के नेतृत्व में पुलिस गशत कर रही। इसी बीच पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि गांधी कालोनी में एक जगह पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर जुआरियों के ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस को देख वहां पर भगदड़ मच गई। पुलिस कर्मियों ने उनका पीछा कर सात जुआरी दबोच लिया। इस दौरान मौके से पुलिस को



ताश की गड्डी और 16900 रुपये की नकदी बरामद हुई। बाजार पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपना नाम रम्पुरा वार्ड नंबर आठ निवासी महेंद्र राणा पुत्र रामकुमार, वार्ड 22 रम्पुरा निवासी महेश गुप्ता पुत्र भगवान दास, खेड़ा वार्ड नंबर 18 निवासी इंतियाज पुत्र नूर अहमद, गांधी कालोनी निवासी दीपक कुमार, झनकट खटीमा निवासी अमित मनी पुत्र विनोद कुमार मनी, नई बस्ती खेड़ा निवासी सवेश पुत्र मोहम्मद नवी, रेशमबाड़ी निवासी मोहम्मद शकीर पुत्र रियासत अली बताया। एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि पकड़े गए जुआरियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# एसपी सिटी ने किया फायर हाईड्रैन्ट का निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसपी सिटी ने आगामी त्योहारों के दौरान अग्निशमन सुरक्षा के दृष्टिगत हल्द्वानी शहर में लगे 15 फायर हाईड्रैन्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फायर हाईड्रैन्ट में अग्निशमन ईकाई के प्रमुख अधिकारियों को पानी की पर्याप्त उपलब्धता के सख्त निर्देश भी दिए। हरबन्स सिंह, एसपी सिटी द्वारा आगामी धनतेरस व दीपावली पर्व के दौरान अग्निशमन सुरक्षा के दृष्टिगत हल्द्वानी शहर में लगे 15 फायर हाईड्रेन्ट का निरीक्षण किया गया। जिसमें मण्डी परिसर में 5, राजकीय माध्यमिक विद्यालय बनभूलपुरा, धोबीघाट इण्टर कॉलेज के सामने, सिन्धी चौराहा होलिका दहन स्थल के पास, जगदम्बा नगर पम्प हाउस के पास, ताज चौराहा जैन मन्दिर के पास, टनकपुर रोड



राजपुरा पम्प हाउस के पास, वन विभाग गैस्ट हाउस (बरसाती नहर)के पास, गैस गोदाम रोड निकट अरविन्द डेयरी, रामपुर बाईपास रोड के पास, सौरभ होटल जल संस्थान के पास के फायर हाईड्रेन्ट शामिल हैं। एसपी सिटी ने गौराव किरार, सीएफओ व फायरयूनिट को निर्देश दिये गये कि जलसंस्थान से लगातार समन्वय करते रहें और आगामी त्योहारों के दौरान फायर हाईड्रेन्ट में पानी की उपलब्धता सुचारू रखें। अग्निशमन टीम को एक्टीव मोड में रखें। अग्निशमन उपकरणों एवं फायर टैण्डरों को भी दुरूस्त रखें।

# श्रद्धालुओं ने निकाली प्रभात फेरी

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में कार्तिक मास की कथा के आज नवम दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने बताया कि सनातन धर्म जैसा दूसरा धर्म नहीं हुआ है और ना होगा, सनातन धर्म ईश्वर का स्वरूप है, धर्म अनुकूल पवित्र जीवन कैसे व्यतीत किया जाए यह जगत को श्री राम जी ने बताया सनातन धर्म श्री राम जी का स्वरूप है, सनातन धर्म को जानना हो तो श्रीराम जी को जानो व उनके चरित्र का मनन करो। पुरुष का आचरण श्री राम जैसा होना चाहिए और स्त्री का आचरण सीता माता जैसा होना चाहिए। कथा श्रवण करने हेतु काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। एवं आज की फेरी श्री सनातन धर्म सभा के उपकोषाध्यक्ष श्री गोपाल सक्सेना एवं श्रीमती रानी सक्सेना जी निवास स्थान पर गई। आज के प्रसाद की सेवा श्री सनातन धर्म सभा के उपकोषाध्यक्ष श्री विजय कुमार सुखीजा एवं श्रीमती सुनीता सुखीजा जी के परिवार द्वारा दी गई।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289, 7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# सुल्तानपुर पट्टी में खनन माफियाओं की हनक बरकरार





सुल्तानपुर पट्टी/आईटीआई/। खनन माफियाओं पर शिकंजा कसने में प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हुआ। आईटीआई सुलतानपुर पट्टी व कुंडा क्षेत्र के कोसी से सटे इलाकों में दर्जनों स्थानों पर खनन माफियाओं की हनक बरकरार है। सूत्रों का कहना है कि प्रशासन औपचारिकता के नाम पर खनन माफियाओं को ताकीद करता रहता है लेकिन पर्दे के पीछे से उन्हें पूरा संरक्षण दिया जा रहा है। यही कारण है कि सैकड़ो की तादाद में अवैध खनन से लोड डंपर ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली राज्य की सीमा से यूपी की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। सरहदी इलाकों में पुलिस चेक पोस्ट को खनन भरे वाहन नोटों के दम पर बड़ी ही आसानी से पार कर जाते हैं। यानी सरकार जहां एक और खनन माफियाओं पर शिकंजा कसने को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रही है वहीं जिम्मेदार अधिकारियों के नाक के नीचे ही खनन माफिया प्रतिदिन लाखों के खनन सामग्री को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि खनन के इस गैर कानूनी खेल में वर्दी की महत्वपूर्ण भूमिका है। कोसी किनारे स्थित ग्राम मुकंदपुर, अजीतपुर व नूरपुर में खेतों में घोसीपुरा के दबंग खनन माफियाओं द्वारा अवैध रूप से वाटर पंप लगाकर शाम 6: बजे से सुबह के 5:बजे तक खनन जैसे गैर कानूनी काम को अंजाम दिया जा रहा है। बताते हैं कि खनन के इस खेल में सरकार के राजस्व को प्रतिदिन लाखों रुपए का चूना लगता है। खनन रोकने की मांग को लेकर आक्रोशित दर्जनों ग्रामीणों ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत व डीएम उदयराज सिंह को ज्ञापन सौंपकर खनन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करते हुए खनन रोकने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्र घोसीपुरा यूपी के लगभग 50,60 खनन माफिया रात्रि में हथियारों से लैस होकर अवैध खनन के कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। खनन माफियाओं की फील्डिंग के चलते उच्च अधिकारियों को सफलता नहीं मिल पाती जिसमें कुछ कर्मचारियों की भूमिका खनन माफिया के साथ संदिग्ध नजर आती है।अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही राजस्व विभाग के लेखपालों द्वारा खनन माफिया को सूचना दे दी जाती है।जिससे खनन माफिया सतर्क हो जाते हैं।

## ❑रात के अंधेरे में राज्य की सीमा पार कर जाते हैं सैकड़ो खनन से भरे वाहन
## ❑हथियारों के दम पर चल रहा गैर कानूनी गोरख धंधा, प्रशासन तमाशबीन

## लोहिया पुल से राज्य की सीमा पार कर जाते हैं सैकड़ो खनन भरे वाहन

काशीपुर। अजीतपुर आदि स्थानों से खनन लोड कर वाहन लोहिया पुल के रास्ते यूपी की सीमा में आसानी से प्रवेश करते देखे जा रहे हैं। जानकार बताते हैं कि राज्य की सीमा पर लोहिया पुल के नजदीक बने चेक पोस्ट से होकर नियम विपरीत तरीके से एक रात में सैकड़ो खनन भरे वाहनों को सुविधा शुल्क के दम पर बॉर्डर पर कराया जाता है। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने कहा कि खनन माफियाओं के खिलाफ निरंतर अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि खनन जैसे गैर कानूनी खेल में यदि कोई अधिकारी कर्मचारी अथवा पुलिसकर्मी लिप्त पाया जाता है और आरोपों की पुष्टि होती है तो उसके खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वर्ष 2022 के फरवरी माह में अवैध खनन के खिलाफ चलाएं अभियान के अंतर्गत सुल्तानपुर पट्टी चौकी एवं दोराहा पुलिस चौकी के प्रभारियों पर कानून की गाज गिरी थी लेकिन इसके बाद भी दोनों पुलिस चौकी ने अवैध खनन के खेल से अपना नाता नहीं तोड़ा। सूत्रों का कहना है कि उत्तराखंड से यूपी की सीमा में खनन सामग्री ले जाने के मामले में बड़ा खेल चल रहा है। बताया जा रहा है कि बाजपुर से ओवरलोड खनन सामग्री क्रेशर पर लाकर कम वजन की रॉयल्टी बनवाई जाती है। सुल्तानपुर पट्टी में प्रति ट्रक 500 तथा दोराहा चौकी क्षेत्र में प्रति ट्रक 800 वसूल किए जाने की सूचना है।

## जलस्तर नीचे जाने से गहराया पेयजल का संकट, 80 से 100 फीट तक किए गए हैं गहरे गड्ढे

काशीपुर। आईटीआई व कुंडा थाना क्षेत्र के दर्जनों स्थानों के अलावा सुल्तानपुर पट्टी इलाके में भीषण तरीके से चल रहे अवैध खनन को लेकर क्षेत्रीय लोगों के पेशानी पर बल देखे जा रहे हैं। अवैध खनन को लेकर उपरोक्त क्षेत्रों में वाटर लेवल नीचे गिरता जा रहा है जिसकी वजह से किसानों को फसलों की सिंचाई करने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विरोध करने पर खनन माफियाओं द्वारा ग्रामीणों को धमकाया जाता है। हालिया घटनाक्रम का जिक्र करें तो खनन माफियाओं द्वारा तहसीलदार के वाहन पर पथराव इसकी ताजा बानगी है। खनन माफियाओं के प्रचंड दहशत के कारण ग्रामीणों को भय के साए में जीवन बसर करना पड़ रहा है। आइटीआई पुलिस खनन माफियाओ के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में नहीं ला रही जिसकी वजह से खनन माफियाओ के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। कोसी नदी में खनन माफियाओं ने 80 से लेकर 100 फीट के गहरे खड्डे कर दिए गए हैं जिसमें वाटर पंप लगाकर पानी बाहर निकालकर अवैध खनन को बड़ी ही आसानी से अंजाम दिया जा रहा है।

# होली चाइल्ड स्कूल के छात्र ने जीता स्वर्ण पदक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में डोरी लाल अग्रवाल स्पोर्ट्स स्टेडियम, बरेली, उप्र में आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में होली चाइल्ड स्कूल के कक्षा-8 के छात्र हर्षित कुमार ने सब-जूनियर बालक वर्ग में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अर्जित कर अपने विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। इससे पूर्व छात्र ने रामपुर में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता से विजेता होकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ था। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मिन्टू दूबे ने बताया कि यह छात्र विद्यालय में अनिल कुम्बले द्वारा संचालित टेन्विक स्पोर्ट्स अकादमी के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। संस्था के संरक्षक श्री योगराज बत्रा, चेयरमैन श्री आरके बत्रा, वाइस चेयरमैन श्री



विकास बत्रा, श्री विनय बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) श्री प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, कनिष्ठ समन्वयक श्रीमति जसपाल कौर, फिजिकल एजूकेशन सुधाकर सिंह तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने कोच कमल जोशी व विजेता छात्र की इस उपलब्धि पर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# उत्कृष्ट खिलाड़ियों को विधायक ने किया सम्मानित




रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने 6वें उत्तराखण्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चौम्पियनशिप प्रतियोगिता में सहभागिता कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया व वही उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनको सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की । विधायक शिव अरोरा ने कहा खेल के क्षेत्र में लगातार उत्तराखंड के नोजवान अपनी प्रतिभा के दम पर उत्कर्ष प्रदर्शन कर लगातार राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक लाकर उत्तराखंड का गौरव बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं, निश्चित रूप से खेल क्षेत्र में उत्तराखंड में बहुत सम्भावना है और अब वो दिन दूर नही जब भारत के लिये मेडल लाने वालो में उत्तराखंड भी आगे आयेगा, विधायक ने कहा ऐसे आयोजन से हर व्यक्ति में खेल भवना के प्रति जगरूकता आयेगी ओर साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी वो इसी प्रकार खेल क्षेत्र में आगे बढ़ते रहे। इस दौरान मेयर रामपाल , पार्षद निमित शर्मा, बलदेव छाबड़ा, शिवकुमार अग्रवाल व अन्य लोग मौजूद रहे।

## बृजलाल हॉस्पिटल के चेयरमैन रमेश पाल का निधन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी में प्रमुख उद्योगपति और बृजलाल हॉस्पिटल के चेयरमैन रमेश पाल साल की78 साल की उम्र में आज रविवार सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। बताया जा रहा है की सुबह वह अपनी कार से बाजार को निकले थे। लेकिन इसी दौरान अचानक उनके सीने में दर्द उठा। इसके बाद ड्राइवर उन्हें अस्पताल ले गया। जहां अस्पताल में उनका इलाज हुआ, डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि कल सोमवार सुबह 9 बजे राजपुरा में उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

# आरएएन किड्स में एनुअल बोनांजा की धूम

रूद्रपुर आरएएन किड्स स्कूल के प्रांगण में क्लास एफ 1नर्सरी का एनुअल बोनांजा 'जंगल में मंगल' बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभ आरंभ विंग कमांडर एचके राय,चेयरमैनएवं श्रीमती मधु राय द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों व माता.पिता का स्वागत किया। एफ1 के नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्वागत नृत्यएओल्ड मैकडोनाल्ड डांसए सिंब्बा का जन्मदिनए योगए और फैशन शो प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में माता.पिता के लिए कई खेलों का आयोजन किया गया तथा उपहार प्रदान किए गए। विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एचके राय सर व श्रीमती मधु राय ने माता पिता को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस आयोजन में श्रीमती व श्री कुमार, श्री बजरंगी राय आदि उपस्थित थे।








# मुख्यमंत्री आवास पर धामी ने किया धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का भव्य स्वागत



देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून पधारे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर महाराज श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी का मुख्यमंत्री आवास पर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड देवी-देवताओं का निवास स्थान है, यहां के चारों धाम, पवित्र नदियां, हिमालय का सुरम्य वातावरण और मानसखण्ड क्षेत्र में स्थित पौराणिक मन्दिर उत्तराखण्ड में देवत्व का केन्द्र हैं। देवभूमि में आयोजित दिव्य दरबार में पहुंचे सभी भक्तों पर बागेश्वर बाला जी की कृपा बनी रहे, ऐसी मैं बजरंग बली से प्रार्थना करता हूं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित बागेश्वर पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी के दिव्य दरबार में सम्मिलित होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज सनातन संस्कृति के संरक्षक और ध्वजवाहक हैं जिनके माध्यम से आज हमारी संस्कृति न केवल देश में वरन् सम्पूर्ण विश्व में प्रचारित और प्रसारित हो रही है। आज बड़ी संख्या में युवावर्ग महाराज के इस अभियान से जुड़ रहा है। हम सभी को भारतीय संस्कृति के संरक्षण हेतु एकजुट होकर आने वाली पीढ़ी को इसकी महानता और सनातनी मूल्यों से परिचित करना होगा। आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री छंतमदकतं डवकप जी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति का परचम संपूर्ण विश्व में लहरा रहा है। प्रधानमंत्री जी के यशस्वी नेतृत्व में एक ओर प्राचीन धार्मिक स्थलों का कायाकल्प हो रहा है तो दूसरी ओर नये मंदिरों का निर्माण भी हो रहा है , भगवान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। श्री बागेश्वर पीठाधीश्वर श्री धीरेंद्र शास्त्री जी का देवभूमि आगमन पर और देवतुल्य जनता को अपनी दिव्यवाणी से अभिसिंचित करने पर हार्दिक आभार!

# चुघ ने लिया स्वामी अवधेशानंद से आर्शीवाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद जी महाराज के भ्रमण के दौरान यहां पहुंचने पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने उनसे आर्शीवाद लिया। स्वामी अवधेशानंद जी महाराज पौराणिक सिद्धपीठ श्री माता बाल सुंदरी मंदिर, पीपली वन, स्वार रामपुर (शाखा श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा) में आयोजित होने वाले संत सम्मेलन एवं धर्म सभा में शामिल होने के लिए जाते नगर में विश्राम के लिए रुके थे। उनके साथ श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्री महंत हरिगिरी जी महाराज, श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के सचिव श्री महंत मोहन भारती तथा गुरु करन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महा मंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी जी महाराज आदि भी उपस्थित थे। स्वामी अवधेशानंद जी महाराज ने कहा कि अपने ही देश में सनातन धर्म के प्रति अशोभनीय बात करना अक्षमनीय है। सभी धर्म आपस में



मिलजुलकर रहना सिखाते हैं। हिंदू संस्कृति का विदेशों में भी काफी सम्मान किया जाता है। उन्होंने बताया कि आगामी 24 नवंबर से 26 नवंबर तक उनके अवधूत आश्रम हरिद्वार में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सहित कई संत महापुरुष शामिल होंगे। इस दौरान आर्शीवाद लेने वालों में श्रीमती संतोष सिंह, डॉक्टर तान्या सिंह, डॉ. अभय प्रताप सिंह एवं उनके सुपुत्र रायन सिंह एवं राउल सिंह उपस्थित रहे।


# अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों फुलसुंगा में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युचक की हुई मौत के मामले में मृतक के परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में राजेश कुमार पुत्र झम्मन लाल निवासी ग्राम नऊआ नगला थाना हाफिजगंज जिला बरेली ने कहा है कि उसका छोटा भाई दोधराज उम्र 32 वर्ष अनमोल विहार में स्थित हिन्द रोडलाईन ट्रांसपोर्ट में बतौर ड्राईवर कार्य करता था। 24 अक्टूबर को सायं भाई दोधराज अनमोल विहार फुलसुंगा से पैदल लवकुश धर्मकांटा के पास स्थित किसी ढाबे पर खाना खाने के लिये जा रहा था कि अज्ञात वाहन द्वारा उसे अक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।




# धनतेरस पर नई वेरायटी के साथ सज गया गोल्डन एजेंसी








रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी धनतेरस पर्व से पूर्व आवास विकास में गगन ज्योति बारात घर के पास स्थित गोल्डन एजेंसी एक बार फिर क्राकरी तथा होम एप्लायंस की नई वेरायटी के साथ पूरी तरह से सज गया है। प्रतिष्ठान स्वामी किशोर अरोरा ने बताया कि प्रतिष्ठान में ब्राडंडेड कम्पनियों की क्राकरी एवं होम एप्लायंस सामान की काफी बढ़ी रेंज उपलब्ध है। जिसमें मिक्सी, कूकर, मोल्डेड चेयर, टिफिन, गैस चूल्हा, कांच एवं स्टील के बर्तन, ओवन, प्लास्टिक के गमले, टब, बाल्टी, कपड़े सुखाने का स्टेंड सहित दैनिक उपयोग की कई सामान की रेंज शामिल है। श्री अरोरा ने बताया कि उनका प्रतिष्ठान पिछले करीब 51 वर्षो से आम जनता के दिलों में अपना विश्वास बनाने में निरंतर कामयाब रहा है। उच्च गुणवत्ता व उचित कीमतोंमेंग्राहकोंकोसामान विक्रय करना उनका प्रथम उद्देश्य रहा है। श्री अरोरा ने बताया कि दीपावलीपर्व पर मित्रों, संस्थान के कर्मियों या परिचितों को दीपावली उपहार देने के लिए आकर्षण पैकिंग की भी व्यवस्था की गई है।

# हॉट मिक्स सड़क निर्माण कार्य किया शुभारंभ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप में दुर्गा मंदिर से होते हुए मुख्य बाजार से पानी वाली टंकी तक हॉट मिक्स सड़क निर्माण कार्य का मेयर रामपाल सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष उत्तम दत्ता, भाजपा नेता तरुण दत्ता, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, पार्षद विधान राय ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शुभारंभ किया।सड़क निर्माण शुरू होने पर कैम्प वासियों ने मेयर रामपाल का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि दुर्गा मंदिर से होते हुए मुख्य बाजार को जाने वाली सड़क लम्बे समय से जर्जर हालत में थी। जनहित में इस सड़क का निर्माण करने की मांग कैम्पवासी लगातार कर रहे थे। इस सड़क का निर्माण पिछले कई वर्षों से नहीं हो पाया था। जिससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ट्रांजिट कैम्प के लोग कई बार इस



सड़क के निर्माण की मांग कर चुके थे। अब इस सड़क के हॉटमिक्स बनने हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि सड़क का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ कराया जा रहा है। गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी इसके लिए ठेकेदार को सख्त हिदायत दी गयी है। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि जनहित उनके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने जो भी विकास कार्य कराये हैं वह जनभवनाओं के अनुरूप कराये हैं। जनता से किये गये वायदों को उन्होंने प्राथमिकता से पूरा किया है। ट्रांजिट कैम्प में कई सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है आने वाले दिनों में कुछ और सड़कों का भी निर्माण कराया जाएगा। इस अवसर पर श्री दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी,पार्षद शिव कुमार गंगवार,प्रमोद शर्मा,निमित्त शर्मा, भुवन गुप्ता,संजीव गुप्ता,मनोज गुप्ता,मदन दिवाकर,शंकर विश्वास, विजय डे, एडवोकेट सुरेश विश्वास,शिव कुमार शिबू ,कृष्ण पाल गंगवार, आदेश भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# अंतरास्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन का किया भव्य स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल द्वारा बैडमिंटन के अंतरास्ट्रीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन के नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। उनके साथ पहुँचे अंतरास्ट्रीय कोच डीके सेन को भी बुके देकर सम्मानित किया। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि लक्ष्य



सेन ने देश विदेशों में अपनी प्रतिभा से उत्तराखंड का नाम रोशन किया और साथ में उनके अन्तरराष्ट्रीय कोच और पिता डीके सेन ने भी उत्तराखंड का नाम देश विदेशों तक पहुँचाया है। सम्मान करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रशेखर पंत, जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे उपस्थित रहे।


SONY
Experience brilliance, this festive season
BRAVIA XR
Google TV
Special Festive OFFERS!*
3 YEARS WARRANTY
INSTANT CASHBACK UP TO RS.25,000/-
1 EMI FREE
UP TO 30% OFF
SOUNDBAR COMBO OFFER
Bring home the ultimate cinematic experience
SAVE UPTO Rs. 64,990/-
BRAVIA
X90L SERIES
Vibrant Contrast. Vivid Colours.
BRAVIA XR LED
Range starts from Rs.1,29,990/-
A80L SERIES
Pitch black. Rich sound.
BRAVIA XR OLED
Range starts from Rs.2,04,990/-
X82L SERIES
Stunning Picture. Immersive Sound.
X1
PREMIUM SOUND BAR
HT-A7000+SW5+RS3S
9.1.4ch* Home theatre system with wireless subwoofer
SPECIAL OFFER!
360 MAPPING
Dolby
BEST BUY: Rs. 1,83,980/-
HT-S2000
5.1ch* Compact Soundbar with Dolby Atmos
SPECIAL OFFER!
Dolby
dts
BEST BUY: Rs. 39,990/- (Bar only)
PORTABLE WIRELESS PARTY SPEAKER
SRS-XV800 NEW
Special Offer
SAVE Rs. 21,000/-
Karaoke
Guitar
OMNI
MEGA BASS
X-Balanced Speaker
BEST BUY: Rs. 43,990/-
ATTRACTIVE FINANCE OPTIONS*
18/0 EMI
8/0 EMI
12/4 EMI
16/4 EMI


गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338 , Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007 Pilikothi +91-8923468434 Pilikothi +91-9690256666 HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146 GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999 KICHHA- Kichha +91-7017595920 LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000


SAMSUNG
17 YEARS
Global No.1 TV
Samsung is ranked No.1 TV brand for 17 years*
Big TV Festival
1st Oct - 20th Nov
Neo QLED
The Frame TV
The Freestyle Projector (screens up to 2m 54cm)
Big offers. Big savings. Big celebrations.
Get* Galaxy S23 Ultra 256GB | 12GB worth ₹ 124999 (1 unit)
Get* The Serif TV (1 unit) worth ₹ 69990
Get* Soundbar (1 unit) worth up to ₹ 59990
3 Year warranty*
Up to 20% cashback*
+ 10% Extra Cashback* Samsung Axis Bank Credit Cards
Neo QLED 8K
85QN900C
Get* The Freestyle worth ₹ 59990 (1 unit)
Up to 20% cashback*
Special promo price ₹ 1199990**
98Q80C
Get* Galaxy S23 Ultra 256GB | 12GB worth ₹ 124999 (1 unit)
Up to 20% cashback*
Special promo price ₹ 874990**
OLED
77S90C
Get* Soundbar HW-S800B worth ₹ 49990 (1 unit)
Up to 20% cashback*
Special promo price ₹ 449990**
85CU8000
Get* Soundbar HW-S800B worth ₹ 49990 (1 unit)
Up to 15% cashback*
Special promo price ₹ 329990**
Scan to own now

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## छेड़छाड़ की घटनायें

वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय यानी बीएचयू में एक छात्रा से छेड़छाड़ की जैसी घटना सामने आई, उससे एक बार फिर यही साफ हुआ है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर सरकार और पुलिस किस स्तर तक लापरवाही बरत रही है। आए दिन राज्य सरकार दावे करती है कि वहां अपराधियों के हौसले पस्त पड़ गए हैं और उत्तर प्रदेश में अब अपराध पर लगाम लग चुकी है।मगर हकीकत का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि बीएचयू में रात में बाकायदा बाहर से अपराधी तत्त्व न केवल घुसते, बल्कि काफी देर तक छात्राओं से बदसलूकी करते और फरार भी हो जाते हैं। घटना के ब्योरे से पता चलता है कि जो तीन युवक मोटरसाइकिल से परिसर में घुसे, उन्हें रोकने-टोकने या पूछताछ करने वाला कोई नहीं था। उन्होंने अपने एक दोस्त के साथ टहल रही छात्रा को हथियार के बल पर काबू में किया।उसके दोस्त से मारपीट की और छात्रा को अलग ले जाकर उत्पीड़ित किया। छात्रा किसी तरह जान बचा कर एक प्राध्यापक के घर में घुस गई, तब जाकर कहीं उसे मदद मिल सकी। यह स्थिति आम इलाकों के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित माने जाने वाले विश्वविद्यालय परिसर के भीतर की है, जहां अपराधियों ने बेलगाम होकर अपनी हरकत को अंजाम दिया।यह उस उत्तर प्रदेश और वहां किसी सबसे व्यवस्थित और सुरक्षित क्षेत्र के तौर पर प्रचारित परिसर की हालत है, जहां राज्य को अपराध-मुक्त बना देने के प्रचार के बरक्स जमीनी हकीकत कुछ और दिखती है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में 2017 में इसी तरह की घटना हुई थी, जिसमें एक छात्रा से कुछ मोटरसाइकिल सवारों ने बुरी तरह छेड़छाड़ की थी।उस समय भी घटना के खिलाफ विद्यार्थियों ने व्यापक प्रदर्शन किया था, लेकिन पुलिस ने उन पर लाठियां बरसाई थी। तब भी यह आश्वासन दिया था कि ऐसी वारदात पर लगाम लगाने के लिए सीसीटीवी लगाने से लेकर अन्य सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे। ताजा घटना के बाद भी जब विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच व्यापक गुस्सा पैदा हो गया और उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार करने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की, तब फिर से वैसे ही आश्वासन दोहराए गए कि सुरक्षा व्यवस्था सख्त की जाएगी। सवाल है कि अपने दावों को लेकर राज्य सरकार कितना गंभीर है कि बुधवार को हुई घटना के बाद भी महज सीसीटीवी लगवाने का आश्वासन अब तक जारी है। पिछले वर्षों में कई घटनाओं के बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल क्यों नहीं हुई? होना यह चाहिए था कि अगर राज्य को अपराध-मुक्त बनाने की सरकार की बात सही है तो आपराधिक तत्त्वों के भीतर पकड़े जाने और सख्त कार्रवाई का खौफ होता और वे अपराध करने से पहले सोचते। मगर जिस तरह परिसर में घुस कर उन्होंने वारदात को अंजाम दिया, उससे यही लगता है कि उनके भीतर कानून का कोई डर नहीं था। इस हकीकत के होते आम जनता कैसे यह मान ले कि राज्य में अपराध पर नकेल कस दी गई है और लोग सुरक्षित हैं? छात्राओं से छेड़छाड़ या यौन उत्पीड़न की घटनाओं पर रोक लगाने और परिसर में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिए आखिर कितनी ऐसी घटनाओं का इंतजार किया जाएगा! जबकि ऐसी किसी पहली घटना के बाद ही सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन को हर स्तर पर ऐसे सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने चाहिए थे, ताकि भविष्य में किसी अन्य छात्रा के साथ वैसा न होने पाए।

# 2047 तक विकसित और सशक्त भारत निर्माण में तकनीक की मुख्य भूमिका रहेगी: राज्यपाल

## राज्यपाल ने एनआईटी श्रीनगर के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में 98 लोगों को उपाधि प्रदान की

देहरादून/श्रीनगर। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तराखंड के श्रीनगर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए संस्थान के कुल 108 लोगों को डिग्री, उपाधि और मेडल प्रदान किये। राज्यपाल ने डिग्री पाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनको राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय और सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत को यदि वर्ष 2047 तक श्रेष्ठ भारत, विकसित भारत और समृद्ध भारत बनना है तो उसमें तकनीक मुख्य भूमिका में रहेगी तथा तकनीक के विकास और उसके उपयोग करने की क्षमता निर्माण में एनआईटी जैसे तकनीकी संस्थानों की मुख्य भूमिका होती है।उन्होंने कहा कि हमारे सामने विश्व गुरु भारत बनने की बड़ी चुनौती जरूर है, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम भारतीय प्रौद्योगिकी और तकनीकी संस्थानों द्वारा तैयार की जा रही स्किल्ड और प्रोफेशनलों की जेनरेशन से यह दर्जा



जरूर हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि आज इन तकनीकी संस्थानों में प्रौद्योगिकी के साथ-साथ सामाजिक प्रबंधन, सांस्कृतिक समागम, ज्ञान और आध्यात्मिकता सभी दृष्टिकोण से कुशल पेशेवर तैयार किया जा रहे हैं। राज्यपाल ने जिन 108 लोगों को उपाधि प्रदान की उनमें 92 बीटेक, 12 पीएचडी और 4 एमटेक धारक लोग शामिल थे। इनमें से 6 लोगों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किया गया। आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर चंद्रशेखर ने पास आउट हुए लोगों से एक कर्तव्यनिष्ट, समर्पित, तार्किकता से परिपूर्ण और आविष्कारक एटीट्यूड वाले नागरिक बनने की प्रेरणा दी।निदेशक एवं अध्यक्ष शासकीय मण्डल एनआईटी श्रीनगर, प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने समारोह में अतिथियों और सभी जनमानस का स्वागत करते हुए संस्थान की उपलब्धियां, उसका इतिहास और भविष्य के लक्ष्य को सबसे साझा किया। राज्यपाल ने इस दौरान चंद्रबदनी, नंदा देवी, राजराजेश्वरी, शिव भक्ति, कंसमर्दनी और भागीरथी स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का भी अवलोकन किया तथा महिलाओं के इन प्रयासों की मुक्तकंठ प्रशंसा भी की। इससे पूर्व, उन्होंने श्रीनगर स्थित धारी देवी मंदिर में जाकर माथा टेका और पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, उप जिलाधिकारी नूपुर वर्मा व अबरार अहमद सहित अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

# डीएम ने बाल सम्प्रेक्षण गृह पाण्डेखोला का किया स्थलीय निरीक्षण


अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने को बख स्थित किशोरी गृह, शिशु गृह, नारी निकेतन एवं बाल सम्प्रेक्षण गृह पाण्डेखोला का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इन संस्थानों में रह रहे बच्चों, बालिकाओं एवं बालको को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने किशोरी गृह में रह रही बालिकाओं द्वारा बनायी गयी ऐंपण व अन्य चीजों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी बच्चियों द्वारा बनायी गयी ऐंपण से बेहद प्रभावित हुये। जिलाधिकारी ने वहां पर रहे बच्चों से वार्तालाप की और उनकी शौक के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि सफलता पाने के लिये अपने लक्ष्यों को हमेंशा ऊॅचा रखें तभी आपको अपने कार्य क्षेत्र में सफलता मिल पायेगीनिरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी



ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि यहां पर निवासरत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व वैक्सीनेशन मेडिकल टीम द्वारा समय-समय पर कराया जाय। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों को दिये जाने वाले दैनिक आहार के बारे में संस्था की अधीक्षका से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि बच्चों के देखभाल में किसी प्रकार की कोई कमी न रहने पाय इस दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा, भोजनालय, शौचालय, पयेजल व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओ की निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि भवन सहित अन्य जो भी मरम्मत कार्य किये जाने है उसके लिये पत्राचार किया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि वहां पर रह रहे सभी बच्चों को स्कूली शिक्षा आवश्य रूप से दिलायी जाय। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव नयन तिवारी, अधीक्षिका शिशु सदन माया पाण्डे, अधीक्षिका नारी निकेतन मंजू उपाध्यायअधीक्षिका राजकीय संरक्षण महिला गृह प्रेमा आर्या, सीडब्लूसी सदस्य मीता उपाध्यक्ष अन्य लोग उपस्थित रहे।

# धीरेंद्र शास्त्री के दिव्य दरबार में उमड़ा जन सैलाब

## बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री सनातन संस्कृति के संरक्षक और ध्वजवाहक : धामी





देहरादून(उद संवाददाात)। देहरादून में आयोजित में धीरेंद्र शास्त्री के दरबार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने पं. धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें सनातन संस्कृति का संरक्षक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री हमारी सनातन संस्कृति के संरक्षक के रूप में भारत की सही पहचान भावी पीढ़ी तक पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. धीरेंद्र शास्त्री के माध्यम से उन्हें इस दिव्य दरबार में बालाजी महाराज के प्रति अपनी आस्था को साझा करने का अप्रतिम अवसर प्राप्त हुआ है। ऐसे पावन दरबार में हाजिरी लगाने का सौभाग्य कम लोगों को ही प्राप्त होता है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर का सीएम आवास आगमन पर स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री के साथ जैसे ही धीरेंद्र शास्त्री मंच पर पहुंचे तो ढोल-नगाड़ों की थाप और जय श्रीराम के नारों के साथ भक्तों ने उनका स्वागत किया। पूरा कार्यक्रम स्थल श्रीराम और हनुमान के भजनों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के लिए भक्त शुक्रवार से जुटने शुरू हो गए थे। उत्तराखंड के साथ ही अन्य प्रदेशों से भक्त दून पहुंचे। सुबह से ही महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग दरबार शुरू होने का इंतजार करते रहे। सहारनपुर निवासी सूरज कटारिया ने बताया की वह बाबा के पहली बार दर्शन कर रहे हैं। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शनिवार को देहरादून पहुंचे। परेड ग्राउंड के खेल मैदान में उनका दिव्य दरबार लगा। उन्होंने एक बार फिर भारत को हिन्दू राष्ट्र की मांग दोहराई। हर बार की तरह ही उन्होंने लोगों के पर्चे खोले ओर उनकी समस्या के बारे में बात की। उनके दरबार को लेकर भक्तों में खासा उत्साह दिखा। शनिवार को परेड ग्राउंड के खेल मैदान में पहली बार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का दरबार लगा। रात 8:20 बजे धीरेंद्र शास्त्री मंच पर पहुंचे। धीरेंद्र शास्त्री ने मंच को प्रणाम करते हुए हनुमान जी के चरणों मे शीश नवाया। मंच पर सबसे पहले संतो ने सनातन की हुंकार भरी। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि देवभूमि में कण कण में भगवान का वास है। सौभाग्य है कि आप लोगों को देवभूमि में जन्म मिला। अब हर घर से एक बच्चा सनातन का कफन बांधकर निकलेगा। दुनिया की कोई भी शक्ति हनुमान जी के सामने टिक नहीं सकती। जब शरीर दूसरा खून स्वीकार नहीं कर सकता, तो हम दूसरे मजहब को क्यो स्वीकार करें। यह देश बाबर का नही, रघुवर का है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि आज एक दिन का दरबार लगा। यह समय देहरादून के लिए कम है। हम जल्द ही देहरादून में पांच दिन का दिव्य दरबार लगाएंगे और देहरादून के पागलों का दम पिएंगे। इसके लिए बात हो गई है जल्द ही दरबार लगाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजक निवृति यादव, अमित त्यागी मौजूद रहे।











# प्रकाश पर्व पर महान नगर कीर्तन 26 नवंबर को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गोल मार्केट में गत 19 अक्टूबर से 27 नवम्बर तक श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ प्रतिदिन प्रात: 5.30 बजे से 7.30 बजे तक किया जा रहा है। गुरु पंथ के दास प्रीतम सिंह चावला ने बताया कि 14 नवम्बर से 25 नवम्बर तक रोजाना प्रात: काल प्रभातफेरी निकाली जाएगी जो नगर के रूप अलग क्षेत्रों में घूमेगी। उन्होंने बताया कि 26 नवम्बर को प्रात: 11 बजे श्री गुरु नानक हायर सेकेण्डरी स्कूल, आदर्श कालोनी से अरदास के पश्चात महान नगर कीर्तन का शुभारंभ होगा। जिसमें कई विद्यालयों के हजारों छात्र छात्राओं द्वारा पीटी शो के साथ ही कई आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इसके अलावा सिख समाज के लोग भी झांकियां सजाएंगे। श्री चावला ने बताया कि नगर कीर्तन श्री गुरु नानक हायर सेकेण्डरी स्कूल, आदर्श कालोनी से प्रारंभ होकर भगत सिंह चौक, गल्ला मंडी, काशीपुर रोड़, इंदिरा चौक, बस अड्डा, डीडी चौक, काशीपुर बाईपास रोड, गांधी पार्क, महाराजा रणजीत सिंह पार्क चौक से मुख्य बाजार होते हुए श्री गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, गोल मार्केट में समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि नगर कीर्तन में मोटर साइकिलों का प्रदर्शन नहीं किया जायेगा वहीं गुरुद्वारा साहिब के पास आतिशबाजी भी नहीं की जाएगी। श्री चावला ने बताया कि 27 नवम्बर को प्रात: 8 बजे से सायं 4 बजे तक तथा सायं 5.30 बजे से रात्रि 12 बजे तक गुरुद्वारा में गुरमति समागम आयोजित किया जाएगा। जिसमें कीर्तनी जत्था दिल्ली भाई साहिज दीप सिंह, कथावाचक श्री दरबार साहिब भाई हरप्रीत सिंह, ढाडी जत्था पंजाब ज्ञानी प्रेमसिंह जी पदम, रागी जत्था रूद्रपुर भाई पवनदीप सिंह, रागी जत्था बिलासपुर भाई खजान सिंह, हजूरी हेड ग्रंथि ज्ञानी रेशम सिंह तथा हजूरी रागी जत्था भाई गुरजीत सिंह गुरु की महिमा का गुणगान करेंगे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी से उपरोक्त कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने की विनती की है।

# खिलाड़ियों का दस दिवसीय खेल प्रशिक्षण संपन्न

रूद्रपुर। जिला योजनान्तर्गत जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में ओपन आयु वर्ग के अनुसूचित जाति के बालकों का 10 दिवसीय एथलेटिक्स व वालीबॉल का विशेष प्रशिक्षण शिविर का सम्पन्न किया गया। जिसमें 15 बालकों द्वारा एथलेटिक्स खेल में एवं 15 बालकों द्वारा वॉलीबाल खेल में प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। उक्त 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में वालीबॉल प्रशिक्षण सुरेश बिष्ट एवं एथलेटिक्स प्रशिक्षक रघुवीर सिंह विर्क द्वारा खिलाड़ियों को अपने-अपने खेलों से सम्बन्धित खेल कौशल एवं शारीरिक दक्षता का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 30 खिलाड़ियों को खेल विभाग की ओर से भोजन, आवास, आने-जाने का किराया एवं ट्रैक सूट नि:शुल्क प्रदान किया गया। विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन मुख्य अतिथि भूपेन्द्र सिंह रावत, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी, द्वारा किया गया एवं खिलाड़ियों को खेल के प्रति रूचि रखने हेतु प्ररित किया गया। इस अवसर पर गिरीश कुमार, जिला क्रीडाधिकारी, सुरेश बिष्ट, सहायक प्रशिक्षक, हरीश राम, सहायक प्रशिक्षक, रघुवीर सिंह विर्क, सहायक प्रशिक्षक, हनुमंत प्रसाद भण्डारी, से.नि. व्यायाम प्रशिक्षक, युवा कल्याण विभाग, अनिल कुमार, महेन्द्र कुमार, कुँवर राम, गोविन्द राम एवं खेल विभाग के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।



## पेज एक का शेष...

**बेहड़ ने किच्छा के विकास...**प्यार देकर ये साबित कर दिया कि अभी विकास के लिए उनकी जरूरत है। आज किच्छा की जनता को तोहफे के रूप मे तीन गेट दिए है। एक गेट पर कुछ मित्र लोग आपत्ति कर रहे है, मै उनसे निवेदन करना चाहता हूं कि गेट सरकारी जमीन पर बन रहे है। उन्हे कोई परेशानी है,तो वह बताए, उनकी समस्या का भी समाधान किया जायेगा। श्री बेहड़ ने कहा कि नगर के बीचों बीच बहने वाली नहर की कावरिंग का विस्तार कर प्रदेश के मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता को एक सौगात दी है, जबकि कुछ नेता ऐसा करने नही दे रहे थे, इसके बावजूद यह कार्य हो रहा है। इसके लिये वह मुख्यमंत्री के आभारी है। श्री बेहड़ ने कहा कि क्षेत्र में सरकारी इंटर कॉलेज, खेल स्टेडियम, कॉरीडोर सहित तमाम योजनाएं है जिन्हे धरातल पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। श्री बेहड़ ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 नारायण दत्त तिवारी का याद करते हुये कहा कि श्री तिवारी उनके गुरु थे। उन्होंने जो विकास का पाठ पढ़ाया था, वह बस उसी पर चल रहे है। उनकी ललक विकास की ललक है और वह उसी पर अमल कर रहे है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों की तरफ भी उनका ध्यान है,उनके लिए भी वह कई योजनाएं लाने का प्रयास कर रहे हैं। पंतनगर वासियों की समस्या के समाधान के लिये वह निरन्तर प्रयासरत हैं। इसके लिये कृषि मंत्री द्वारा विधानसभा में अपना वक्तव्य दिया जा चुका है लेकिन अभी तक पूरा नही किया जा रहा है। उनकी मांग है कि पंतनगर के मजदूरों को पांच सौ रुपए प्रति दिन दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंतनगर के विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिये यदि सरकार द्वारा शीघ्र ही कोई कदम नही उठाया गया तो वह अपनी जनता के साथ मिलकर इसके खिलाफ आवास उठायेंगे। उन्होंने सरकार के आला अफसरों पर हमला बोलते हुए कहा की तमाम अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, यदि उनका रवैय्या नही सुधरा तो उनके खिलाफ भी आवाज उठाई जायेंगे। जनसभा को नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोली, वरिष्ठ का कांग्रेसी नेता राजेश प्रताप सिंह, हांजी सरवर यारखान, किन्नू शुक्ला,कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सहित दर्जनों वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनीता कश्यप, सुनील ठाकुर,परिमल राय, उत्तम आचार्य,गुलशन सिंह,दुर्गेश गुप्ता, रमेश तिवारी, संजीव चौधरी, गौरव बेहड़, सौरभ बेहड़, ओमप्रकाश दुआ,अवतार सिंह,जीवन चंद जोशी,नितिन शर्मा,जितेंद्र सिंह संधू,जगरूप सिंह गोल्डी, डिंपल, यू खान, बंटी पपनेजा, अफसर कुरैशी, सईदुर रहमान, राजेश प्रताप, विनोद कोरंगा, नेशनल कुरैशी, नजाकत खान, विनोद पंत, मो आरिफ कुरैशी आदि लोग मौजूद थे।

**पुरानी रंजिश में ...**पुलिस अधिकारी घटनास्थल स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने घटना के घायल लोगों का चिकित्सालय पहुंचकर हालचाल जाना और उनसे घटना की विस्तार से जानकारी ली। वहीं हमलावरों को पकड़ने के लिए उनके घरों तथा अन्य संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। समाचार लिखे जाने तक मामले की रपट दर्ज नहीं की गई थी।

**सड़क हादसों में...**बहन और है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है। पैगा पुलिस चौकी क्षेत्र में आधी रात घटित गंभीर दुर्घटना के बारे में पुलिस असमंजस की स्थिति में है। मौके की परिस्थितियों जो बता रही है इस लिहाज से देखा जाए तो यह दुर्घटना बाइक अनियंत्रित होने के कारण घटित कहीं जा सकती है लेकिन परिजनों की माने तो अज्ञात ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर होने के कारण बुलेट मोटरसाइकिल सड़क से दूर जाकर एक दीवार से टकराई। फिलहाल पुलिस ने एक्सीडेंट में बुरी तरह क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को क्रेन की मदद से बाहर निकाला है। एक अन्य हादसे में कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में अनियंत्रित डंपर की चपेट में आने से एक युवक कुंडेश्वरी निवासी दीपेश भट्ट 24 वर्ष पुत्र स्वर्गीय दीपक भट्ट शनिवार की रात्रि अपने दो अन्य साथियों के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था इसी दौरान रामनगर रोड पर अनियंत्रित डंपर के चालक ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल में टक्कर मार कर दीपेश को मौत के घाट उतार दिया। एक्सीडेंट की घटना में मोटरसाइकिल पर सवार उसके दो अन्य साथियों को भी चोटें आई हैं। मृतक के एक भाई और है। उसके कोई बहन नहीं है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है।

**कांग्रेस के ...** राजेश शुक्ला भाजपा विधायक के रूप में जीते थे। लेकिन इस बार कांग्रेस प्रत्याशी वरिष्ठ कांग्रेस नेता तिलकराज बेहड़ ने उन्हें पटखनी देकर जीत हासिल की। कांग्रेस के स्थानीय कार्यक्रमों में लोगों की आशानुरूप भीड़ न जुटने से पार्टी नेताओं में चिंता लगी हुई थी। लेकिन आज विधायक श्री बेहड़ की आयोजित जनसभा में हजारों की भीड़ देखकर नेताओं को प्रदेश में कांग्रेस शासन के दिन याद आने लगे। उन्हे अब आगामी चुनावों में कांग्रेस का भविष्य उज्जवल लगने लगा है।

# मासूम बच्चे की मौत के आरोपी चिकित्सक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रीत विहार के एक निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान 6 दिन के बच्चे की हुई मौत के मामले में परिजनों ने आरोपी चिकित्सक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में नीरज पाल पुत्र महेश पाल निवासी प्रीत बिहार वार्ड 25 फाजलपुर महरौला ने कहा है कि उसके पुत्र का जन्म 28 अक्टूबर को निजी हॉस्पिटल में हुआ था। जहां से शिशु की स्वस्थ्य अवस्था जांच हेतु बच्चों के बाल गोपाल अस्पताल आवास विकास में ले जाया गया था। वहां पुत्र का पूर्ण स्वास्थ्य अवस्था की जांच कर उसे छुट्टी कराकर घर ले आया गया। उसके पश्चात् पुत्र का स्वास्थ्य 31 अक्टूबर को खराब हुआ तब उसने पुत्र को न्यू मेडीस्टार हॉस्पिटल प्रीत बिहार फाजलपुर महरौला वार्ड 25 में उपचार हेतु समय सायं 5 बजे भर्ती कराया। जहां डॉ० यासीन पाशा ने पुत्र का उपचार किया व ऑक्सीजन पाईप लगाया। डॉ० यासीन पाशा ने कहा आपका बच्चा बिल्कुल स्वस्थ हो गया है इसे एक दिन और हॉस्पिटल में रखकर घर ले जा सकते है। नीरज का कहना है अगले दिन 2 नवम्बर की दोपहर वह अपने बच्चे को घर लाने की तैयारी करने लगा। तब डॉ० यासीन पाशा बच्चे को देखते है और कहते है कि इस बच्चे को अभी एक इंजेक्शन लगेगा। इंजेक्शन लगवाने के बाद बच्चे को घर ले जा सकते है। डॉक्टर अपने कम्पांउडर द्वारा बच्चे को इंजेक्शन लगवाते है। इंजेक्शन लगने के बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ जाती है तब डॉक्टरों में अफरा-तफरी मच जाती है। जब तक बच्चे की मृत्यु हो जाती है। डॉ० यासीन पाशा व कम्पांउडर आरिश पाशा द्वारा उसके पुत्र का उपचार किया जा रहा था जो कि बाल रोग विशेषज्ञ नहीं है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा    समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

SAMSUNG DAIKIN SONY BOSCH dyson IFB DELL Haier JBL MITSUBISHI ELECTRIC SANSUI Whirlpool AMSTRAD VOLTAS

गुरू मां

महा इलेक्ट्रॉनिक उत्सव
सबसे कम दाम की गारंटी
सबसे ज्यादा 25% तक कैशबैक

अब इलैक्ट्रोनिक उपकरण
मात्र ₹990 से शुरू

## HAIER FRONT LOAD WASHING MACHINE

की खरीद पर
JUICER MIXER GRINDER
FREE

## HAIER 55" LED & ABOVE

की खरीद पर
WIRELESS VACUUM CLEANER
FREE

## SONY 55" LED & ABOVE

की खरीद पर
VACUUM CLEANER
FREE

## HAIER SIDE BY SIDE REFRIGERATOR

की खरीद पर
PORTABLE SPEAKER
FREE

## SAMSUNG SIDE BY SIDE REFRIGERATOR

की खरीद पर
VACUUM CLEANER
FREE

## CRAZY DEALS
घर लायें अपने पसंदीदा
SONY, SAMSUNG, HAIER
के इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स और
एक EMI पाएं बिलकुल मुफ्त*

*TERMS & CONDITIONS APPLY | PRODUCT IMAGES SHOWN ARE FOR REPRESENTATION PURPOSE ACTUAL PRODUCT IMAGES MAY VARY

BAJAJ FINSERV HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाँए
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
गुरू मां EASY EMI OPTION AVAILABLE
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्सरिटेल चेन

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338 , Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007 Pilikothi +91-8923468434 Pilikothi +91-9690256666 HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146 GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999 KICHHA- Kichha +91-7017595920 LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000